http://www.howtoexam.com

**Seat No:…………..**

# TC-19

## Advanced Accounting & Auditing

**Paper-V**

**Time : 3 Hours]** **[Total Marks : 70**

**सूचनाएँ :** (1) दाहिनी ओर के आंकड़े प्रश्न के अंक हैं ।
(2) दोनों विभागों के उत्तर एक ही उत्तर पुस्तिका में लिखने हैं ।

**विभाग -I**

**1.** ता. 31-3-2004 को **प्रोग्रेसिव बैंक लि.** की पुस्तकों में निम्नलिखित शेष अवतरित हैं । **12**

| **विवरण** | **रु.** |
|---|---|
| उपार्जित ब्याज | 22,00,000 |
| अन्य आय | 4,00,000 |
| ब्याज चुकाया | 10,00,000 |
| संचालन खर्च | 7,00,000 |
| पूँजी | 5,00,000 |
| अनामत (Reserves) और आधिक्य | 4,00,000 |
| जमाएँ (Deposits) | 30,00,000 |
| उधार ऋण (Borrowings) | 2,00,000 |
| अन्य दायित्व और प्रावधान | 3,00,000 |
| रोकड़ शेष और RBI में शेष | 5,00,000 |
| अन्य बैकों में शेष | 3,00,000 |
| विनियोग | 4,00,000 |
| एडवान्सेज | 36,00,000 |
| स्थायी सम्पत्तियाँ | 4,00,000 |
| अन्य सम्पत्तियाँ | 1,00,000 |

**अन्य सूचनाएँ :**

निम्नलिखित प्रावधान करने हैं :

(a) एडवान्सेज पर डूबत ऋण अनामत (Reserves) :

80,000 रु. की खोयी सम्पत्ति पर 100% की दर से ।

2,00,000 रु. की उपस्तर सम्पत्तियों पर 10% की दर से ।



University Exam question paper, study materials download from howtoexam.com

http://www.howtoexam.com

(b) कर के लिए प्रावधान 2,00,000 रु. ।

(c) कानून द्वारा मांगी गयी वैधानिक अनामत (Statutory Reserves) ।

उपरोक्त जानकारी से बैंकिंग नियमन कानून 1949 के अन्तर्गत निर्धारित स्वरूप में Form B में लाभ-हानि खाता और Form A में स्थिति-विवरण (Balance Sheet) तैयार कीजिये ।

**अथवा**

**1.** (A) संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिये **(कोई दो)** **6**

1. वैधानिक अनामतें (Statutory Reserves)
2. एडवान्सेज का वर्गीकरण
3. भुनाये विपत्रों का बट्टा
4. वसूली के विपत्र

(B) काल्पनिक आंकड़ों से निम्नलिखित अनुसूचियाँ (Schedules) तैयार कीजिये : **6**

1. अनुसूची - 3 डिपोजीट्स अथवा अनुसूची - 9 एडवान्सेज

2. अनुसूची - 14 अन्य आय अथवा अनुसूची - 16 संचालन खर्च

**2.** ता. 31-3-2004 को **प्रशान्त लि.** और **अनुवी** लि. का स्थिति-विवरण (Balance Sheet) निम्नानुसार है । **12**

| **दायित्व** | **प्रशान्त लि. रु.** | **अनुवी लि. रु.** | **सम्पतियाँ** | **प्रशान्त लि. रु.** | **अनुवी लि. रु.** |
|---|---|---|---|---|---|
| **चुकता पूँजी :** | | | स्थायी सम्पत्तियाँ | 6,00,000 | 2,40,000 |
| इक्विटी शेयर पूँजी | 4,00,000 | 3,00,000 | विनियोग (बाजार मूल्य रु. 66,000) | ____ | 50,000 |
| सामान्य अनामत | 2,00,000 | ____ | चालू सम्पत्तियाँ | 4,85,000 | 1,50,000 |
| 10% के ऋणपत्र | 3,00,000 | 2,00,000 | ऋणपत्रों पर बट्टा | 15,000 | 10,000 |
| लेनदार | 2,00,000 | 10,00,000 | लाभ-हानि खाता | ____ | 1,50,000 |
| | **11,00,000** | **6,00,000** | | **11,00,000** | **6,00,000** |



University Exam question paper, study materials download from howtoexam.com

http://www.howtoexam.com

ता. 1-4-2004 को प्रशान्त लि. , अनुवी लि. को निम्नलिखित शर्तों पर समावेश करने के लिए सहमत हुई :

1. दोनों कम्पनियों की भूमि व भवन और मशीनरी सहित स्थायी सम्पत्तियाँ 3:1 अनुपात में हैं । भूमि व भवन की कीमत बाजार मूल्य से 10 % कम मूल्य पर पुस्तकों में दर्शायी गयी है, जबकि मशीनरी का बाजार मूल्य 10% कम है ।
2. चालू सम्पत्तियों का बाजार मूल्य क्रमश: 4,65,000 रु. और 1,00,000 रु. है ।
3. दोनों कम्पनियों के इक्विटी शेयरों का मूल्य प्रति शेयर 100 रु. है, जिस पर क्रमश: प्रति शेयर 80 रु. और 50 रु. तक चुकाया गया है ।
4. अनुवी लि. के शेयरों के बदले में प्रशान्त लि. के आवश्यक अंशों (shares) का निर्गमन करके खरीद प्रतिफल के बदले उनके अंशों की आन्तरिक कीमत के आधार पर दिये गये हैं ।
5. अनुवी लि. की बही में आवश्यक लेजर खाते तैयार कीजिये और समावेश के बाद का प्रशान्त लि. का स्थिति-विवरण (Balance Sheet) तैयार कीजिए :

**अथवा**

**2.** तारीख 31.3.2004 को **पारुल लि.** का स्थिति-विवरण (Balance Sheet) निम्नानुसार है । **12**

| दायित्व | रु. | सम्पत्तियाँ | | रु. |
|---|---|---|---|---|
| **चुकता पूँजी :** | | ख्याति | | 1,00,0000 |
| इक्विटी शेयर 100 रु. प्रति, पूर्ण भुगतान | 10,00,000 | भूमि व भवन | | 5,00,000 |
| | | मशीनरी | | 4,00,000 |
| 10% अधिमान (Prefrence) शेयर 100 रु. प्रति, पूर्ण भुगतान | 5,00,000 | विनियोग | | 3,00,000 |
| | | स्टॉक | | 1,50,000 |
| 12% ऋणपत्र (Debentures) | 2,00,000 | देनदार | 3,20,000 | |
| बैंक ऋण | 1,00,000 | घटाओ : डूबत ऋण | 20,000 | |
| | | | 3,00,000 | |
| लेनदार | 2,50,000 | घटाओ : B.D.R | 10,000 | 2,90,000 |
| देय विपत्र | 1,50,000 | रोकड़ और बैंक | | 1,40,000 |
| | | ऋणपत्रों पर बट्टा | | 20,000 |
| | | लाभ-हानि खाता | | 3,00,000 |
| | **22,00,000** | | | **22,00,000** |

पुनर्रचना की निम्नलिखित स्कीम मान्य की गयी है :

(1) पारुल लि. के व्यवसाय को लेने के लिए एक नयी कम्पनी पारुमिना लि. स्थापित की जाए जिसकी अधिकृत पूँजी 15,00,000 रु. जो प्रति अंश 10 रु. के 1,00,000 इक्विटी शेयर अंशों (shares) और 50,000, 10% अधिमान (Prefrence) अंशों में विभाजित हो, जिसमें विनियोग, देय विपत्र और 40,000 रु. का रोकड़ शेष शामिल नहीं है ।



University Exam question paper, study materials download from howtoexam.com

http://www.howtoexam.com

(2) पारुमिना लि., पारुल लि. के प्रति एक इक्विटी अंश के बदले में 8 इक्विटी अंश पूर्ण भुगतान में 10% प्रीमियम से निर्गमित करेगी ।

(3) पारुमिना लि., पारुल लि. के प्रति एक अधिमान (Prefrence) अंश के बदले में 4 अधिमान अंश पूर्ण भुगतान में निर्गमित करेगी ।

(4) पारुमिना लि., पारुल लि. के ऋणपत्रों के दायित्व को 8% के प्रीमियम पर अदा करने के लिए 10% के ऋणपत्र प्रति 100 रु. का 10% बट्टे पर निर्गमित करेगी ।

(5) समापन खर्चो के लिए नगद 20,000 रु. ।

(6) समापन खर्च के 15,000 रु. का भुगतान पारुल लि. ने किया ।

(7) विनियोगों से पुस्तक कीमत का 80% वसूल हुए ।

पारुल लि. की बही में आवश्यक लेजर खाते पुनर्रचना खाता सहित तैयार कीजिये और पारुमिना लि. की बही में आवश्यक प्रविष्टियाँ दीजिये ।

**3.** (A) ता. 31-3-2004 को **भूमिका लि.** का स्थिति-विवरण (Balance Sheet) निम्नानुसार है : **5**

| **दायित्व** | **रु.** | **सम्पतियाँ** | **रु.** |
|---|---|---|---|
| **चुकता पूँजी :** | | ख्याति | 1,00,000 |
| इक्विटी अंश रु. 100 प्रति, पूर्ण भुगतान | 5,00,000 | स्थायी सम्पत्तियाँ | 5,00,000 |
| | | विनियोग (बाजार मूल्य 1,75,000 रु.) | 2,50,000 |
| सामान्य अनामत | 3,00,000 | | |
| पुन: मूल्यांकन अनामत | 1,00,000 | चालू सम्पत्तियाँ (रु. 100,000 बैंक शेष सहित) | 3,00,000 |
| 10% ऋणपत्र | 2,00,000 | | |
| लेनदार | 1,00,000 | ऋणपत्रों पर बट्टा | 20,000 |
| | | प्रारंभिक खर्चे | 30,000 |
| | **12,00,000** | | **12,00,000** |

पुस्तकों में दर्शायी गयी ख्याति का मूल्य इसके वास्तविक मूल्य का 80% है ।

स्थायी सम्पत्तियाँ बाजार मूल्य पर दर्शायी गयी हैं, जो लागत मूल्य से 25% अधिक हैं, जबकि चालू सम्पत्तियों का बाजार मूल्य 10% कम है ।

कम्पनी का 35% की दर से कर के पहले का अंतिम पांच वर्षों का कुल लाभ 10,00,000 रु. है और अनुमानित रेट ऑफ रिटर्न 13% है ।

पूँजीकरण की औसत लाभ पद्धति से ख्याति के मूल्य की गणना कीजिये ।

**अथवा**



University Exam question paper, study materials download from howtoexam.com

http://www.howtoexam.com

3. (A) ख्याति के मूल्य को प्रभावित करने वाले तत्त्वों की चर्चा कीजिये । **5**

(B) ता. 31-3-2004 को **प्रियंका लि.** का स्थिति-विवरण(Balance Sheet) निम्नानुसार है । **6**

| **दायित्व** | **रु.** | **सम्पत्तियाँ** | **रु.** |
|---|---|---|---|
| चुकता पूँजी : | | स्थायी सम्पत्तियाँ | 10,00,000 |
| 'A' इक्विटी अंश 100 रु. का प्रत्येक, पूर्ण भुगतान | 6,00,000 | चालू सम्पत्तियाँ (1,00,000 रु. बैंक शेष सहित) | 6,00,000 |
| 'B' इक्विटी अंश 100 रु. का प्रत्येक, भुगतान 75 रु. | 3,00,000 | | |
| सामान्य अनामत | 4,00,000 | | |
| लेनदार | 3,00,000 | | |
| | **16,00,000** | | **16,00,000** |

कम्पनी की सभी सम्पत्तियों का बाजार मूल्य पुस्तक मूल्य से 20% अधिक है । कम्पनी का 35% की दर से कर के बाद का औसत लाभ 1,80,000 रु. है और अनुमानित रेट ऑफ रिटर्न 10% है ।

दोनों अंशों (shares) का मूल्य आन्तरिक मूल्य पद्धति (Intrinsic Value Method) और उपज पद्धति (yield Method) से ज्ञात कीजिये ।

**अथवा**

3. (B) अंशों का आंतरिक मूल्य, बजार मूल्य और उचित मूल्य (Fair Value) पर टिप्पणी लिखिये । **6**

## विभाग - II

4. (A) निम्नलिखित में से किसी **एक** के संदर्भ में कम्पनी कानून, 1956 के प्रावधानों का संक्षेप में वर्णन कीजिये । **5**

1. बट्टे पर अंशों का निर्गमन **अथवा** प्रीमियम पर
2. पूँजी में से ब्याज का भुगतान u/s. 208.

**अथवा**

4. (A) निम्नलिखित में से किसी **एक** के संदर्भ में कम्पनी कानून, 1956 के अन्तर्गत अंकेक्षक (Auditor) के कर्त्तव्यों का वर्णन कीजिये । **5**

1. अंश हस्तान्तरण **अथवा** ऋणपत्रों का निर्गमन
2. घिसाई के लिए प्रावधान



University Exam question paper, study materials download from howtoexam.com

http://www.howtoexam.com

(B) संक्षिप्त टिप्पणी लिखिये **(कोई दो)** **6**

1. अधिकार अंश और बोनस अंश
2. विभाजन योग्य लाभ
3. लागत ओडिट प्रोग्राम
4. मिनट बुक्स (सभा की पुस्तकें)

**5.** (A) निम्नलिखित में से किसी **एक** का ओडिट प्रोग्राम तैयार कीजिये : **6**

1. शिक्षण संस्था
2. निर्माण इकाई

**अथवा**

(A) निम्नलिखित में से किसी एक का अन्वेषण (investigate) कैसे करोगे : **6**

(1) चालू व्यवसाय की खरीद ।

(2) व्यवसाय में कपट किये जाने की शंका हो ।

(B) निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** का अंतर बताइये : **6**

1. ओडिट रिपोर्ट और ओडिट प्रमाणपत्र
2. कर ओडिट और वित्तीय ओडिट
3. अन्तरिम लाभांश और अंतिम लाभांश
4. अनामत और प्रावधान

**6.** निम्नलिखित में से **किन्हीं तीन** का उत्तर दीजिये : **12**

(A) निम्नलिखित के लिए कम्पनी कानून की समय सीमा का वर्णन कीजिये :

(i) वार्षिक सामान्य सभा बुलाने के लिए ।

(ii) वैधानिक सभा बुलाने के लिए ।

(iii) अंशों के बट्टे पर निर्गमन के लिए ।

(iv) अंशधारकों की मिनट बुक में मिनट लिखने के लिए ।



University Exam question paper, study materials download from howtoexam.com

http://www.howtoexam.com

(B) 31 मार्च, 2004 को पूरे होते वर्ष के लिए एक साझेदारी फर्म के कर ओडिटर के रूप में आप कैसा व्यवहार करेंगे ?

(i) रोकड़ में 25000 रु. की डिपोजिट स्वीकार करने पर ।

(ii) 30,000 रु. मूल्य का कच्चामाल रोकड़ में खरीदने पर ।

(iii) एक साझेदार की जीवन बीमा प्रीमियम की रकम 5000 रु. बीमा प्रीमियम खर्च खाते उधार की ।

(iv) ता. 1-1-2004 को खरीदी 1,00,000 रु. मशीन पर 25% की दर से घिसाई की रकम 25,000 रु. लाभ-हानि खाते उधार की है ।

(C) **आशना लि.** के निम्नलिखित दिये गये विवरणों से वर्ष 2003-04 के लाभांश के लिए उपलब्ध लाभ की गणना कीजिये :

| **वर्ष** | **घिसाई के पहले की लाभ-हानि रु.** | **विधि अनुसार घिसाई रु.** | **असमाविष्ट घिसाई रु.** |
|---|---|---|---|
| 2001-02 | – 1,20,000 | 60,000 | 45,000 |
| 2002-03 | – 60,000 | 45,000 | 15,000 |
| 2003-04 | + 3,00,000 | 90,000 | - |

(D) गुप्त अनामत बनाने के कोई चार स्रोत बताइये ।



University Exam question paper, study materials download from howtoexam.com